# झारखंड की जनता की सेवा ही मेरी पहली प्राथमिकता : कल्पना सोरेन

**विधायक कल्पना सोरेन मुर्मू से मिले विभिन्न क्षेत्रों के कई समाजिक और कला संस्कृति, खेलकूद का डेलिगेशन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची की कई सामाजिक और कला संस्कृति, खेलकूद का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात किया। इस अवसर पर सभी ने उन्हें नव निर्वाचित विधायक बनने की बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ उन्हें झारखंड राज्य में क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों एवं नाटकों की प्रस्तुती के लिए पूरे राज्य में मल्टी प्लेक्स बनाने का सुझाव दिया। वही, पतरातु घाटी में बनने वाली झारखंड फिल्म सिटी का नव निर्माण जल्द कराने को कहा, ताकि क्षेत्रीय फिल्मों को गति मिले और कलाकारों को भी यहां रोजगार का सृजन स्थापित हो सके।

राजधानी रांची में पार्कों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही एवं बच्चों के खेलने के लिए मैदानों की संख्या में कमी आ रही। इससे बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास नहीं हो पा रहा है। ये हमारे झारखंड और आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत ही चिंता का विषय है। इस पर सरकार को संज्ञान लेने की जरूरत है।

## झारखंड के सभी लोग मेरे परिवार का हिस्सा



राज्य में बंद पड़ी क्षेत्रीय फिल्मों की शूटिंग को जल्द चालू कराया जाए, ताकि यहां के कलाकारों को रोजगार मिल सके। साथ ही कलाकारों के जीवन स्तर में भी सुधार करने की जरूरत है। इस अवसर पर कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि झारखंड के सभी लोग मेरे परिवार का हिस्सा हैं। इनकी सेवा ही मेरी पहली प्राथमिकता है। मैं जल्द से जल्द इसपर कार्य करूंगी। मिलने वालो में महासचिव, अंतराष्ट्रीय मैथिली परिषद, झारखंड प्रदेश सह झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव अजय झा, स्टोरी लाइन इंडिया मैगजीन की निर्देशिका साधना झा, भोजपुरी युवा विकास मंच के अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी, राष्ट्रीय मिथिला युवा मंच के अध्यक्ष अवधेश ठाकुर,युवा नाट्य संगीत अकाडमी के निदेशक ऋषिकेश लाल, सौरभ बॉस समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# झारखंड में साढ़े तीन माह के भीतर दो ट्रेन हादसे, पांच लोगों की गयी जान

**अफवाह का कहर**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अफवाह की वजह से साढ़े तीन के भीतर दूसरा ट्रेन हादसा हुआ है। इसकी वजह से कुल पांच मासूमों को जान गंवानी पड़ी। ताजा घटनाक्रम सीआईसी सेक्शन पर लातेहार के कुमंडीह रेलवे स्टेशन से जुड़ा है। शुक्रवार की रात करीब 8 बजे की घटना है। रांची से सासाराम जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह इस कदर फैली की घबराहट में कुछ यात्री दूसरे ट्रैक पर चले गए। इसी बीच मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इस हादसे में नासरीगंज, रोहतास की मंजू देवी, बैरिया, डाल्टनगंज के 72 वर्षीय नंदलाल शुक्ला और गढ़वा के भवनाथपुर निवासी 30 वर्षीय विकास कुमार रजक की मौत हो गई।



फाइल फोटो

### जिंदगी की जंग लड़ रही है मासूम पीहू

इस ट्रेन हादसे में तेतरी देवी, सबा और हसीब खलीफा घायल हुए हैं। इन तीनों का इलाज लातेहार के सदर अस्पताल में चल रहा है। जबकि 02 साल की पीहू कुमारी के साथ दर्दनाक घटना घटी है। अफवाह सुनते ही पीहू के पिता सुशील कुमार अपनी बच्ची को गोद में लेकर पटरी के दूसरी तरफ कूद गए। इसकी वजह से बच्ची का सिर ट्रैक पर मौजूद पत्थर से टकरा गया। बच्ची गंभीर रूप से घायल है। उसे रिम्स रेफर किया गया है। रिम्स के बाद उसे रानी चिल्ड्रेन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीहू कुमार रांची के अशोकनगर की रहने वाली है।

### मुआवजा का क्या है प्रावधान

हाजीपुर रेल मंडल के अधिकारी का कहना है कि इस हादसे में जान गंवाने वाले तीन लोगों के परिजनों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि मुहैया करा दी गई है। बहुत जल्द 1-1 लाख रुपए और दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल पीहू के परिजनों को 50 हजार रुपए की राशि मुहैया करा दी गई है। पीड़ित परिवार को अतिरिक्त 1 लाख रुपए मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार के लोग रेलवे क्लेम्स ट्रिब्यूनल में अतिरिक्त मुआवजे के लिए दावा कर सकते हैं। इस दौरान यह देखा जाता है कि संबंधित पीड़ित के पास वैलिड टिकट था या नहीं साथ ही किसकी गलती की वजह से जान माल का नुकसान हुआ है।

### 28 फरवरी को जामताड़ा में भी फैली थी अफवाह

इसी तरह का ट्रेन हादसा महज साढ़े तीन माह पूर्व 28 फरवरी 2024 को जामताड़ा में हुआ था। विद्यासागर और कालाझरिया के बीच ट्रेन की चपेट में आने से दो यात्रियों की मौत हो गई थी। भगदड़ के दौरान कई लोग चोटिल हुए थे। उस दिन भागलपुर से यशवंतपुर जा रही अंग एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह उड़ी थी। ट्रेन के रुकने पर यात्री दूसरी ट्रैक पर चले गये थे। इसी बीच दूसरी लाइन पर आसनसोल से बैद्यनाथधाम जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से हादसा हुआ था।

# रेलवे चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए 18 जून को साक्षात्कार

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से चिकित्सकों की नियुक्ति की जानी है। ये नियुक्ति आद्रा डिवीजन के अलग-अलग स्टेशनों में अवस्थित अस्पतालों के लिये होनी है। साक्षात्कार के माध्यम से 11 चिकित्सकों की भर्ती की जाए। दक्षिण पूर्व रेलवे की मानें तो इसके लिये साक्षात्कार 18 जून को किया जायेगा। आवेदन के लिये पहले की अभ्यर्थियों को समय दिया गया था। जिसकी तिथि पूरी हो गयी है। ऐसे में अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट कर साक्षात्कार लिया जायेगा। इसमें से पांच अनारक्षित, दो अनुसूचित जाति, एक अनुसूचित जनजाति तथा तीन पद पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। साक्षात्कार 18 जून को आद्रा में होगा। यह भर्ती पूर्णकालिक संविदा आधार पर आद्रा, बांकुरा, पुरुलिया, भागा, भोजुडीह, महुदा, बर्नपुर, अनारा, चांडिल, गरबेटा और बोकारो स्टील सिटी के अस्पतालों में संविदा के आधार पर रखा जायेगा। पहले साल के लिए 95,000 रुपये प्रति माह, दूसरे माह के लिए 1,05,000 रुपये प्रति माह विशेषज्ञ डॉक्टरों को मिलेगा। जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर व सेवानिवृत्त चिकित्सकों को 75 हजार रुपये मानदेय मिलेगा।

# सर्ड में 15 जिलों के 32 संस्था प्रमुखों का प्रशिक्षण संपन्न

**रांची।** ध्वनि फाउंडेशन के निरंतरा क्लासिक कार्यक्रम के अंतर्गत झारखंड के 15 विभिन्न जिलों से आए 32 गैर सरकारी संगठनों के संस्था प्रमुखों का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण रांची के स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट (सर्ड) में शनिवार को संपन्न हुआ। इस क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में 8 अनुपालन प्रबंधन के मापदंडों व 10 वित्तीय मापदंडों को शामिल किया गया। इसमें मुख्य रूप से अनुपालन की आवश्यकता क्यों है, लेखांकन प्रक्रिया, वित्तीय नीति, पीआर एफसी के रूप में रिकॉर्ड रखना, प्रिंसिपल्स ऑफ एकाउंटिंग, एकाउंटिंग साइकिल, गैर-एफसी फंड, बहीखाता पद्धति का प्रकार, टैली और इसकी प्रक्रियाओं का महत्व, एनजीओ के लिए लेजर प्रविष्टि, एफसीआरए अधिनियम (संशोधित), 2020 के नए नियमों, प्रोफेशनल टैक्स आदि विषय शामिल थे। अतिथि वक्ता के रूप में गोपीनाथ- कार्यकारी निदेशक, ध्वनि फाउंडेशन, बेंगलुरु व गोरांगो महतो- वित्त और अनुदान प्रबंधक, फिया फाउंडेशन, मौजूद थे। इसके अलावा डॉ अनंगदेव सिंह, राज्य प्रमुख-झारखंड, ध्वनि फाउंडेश ने भी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। संचालन रेशमा सिंह, ज्योति वर्मा, साकेत मिश्रा और कुणाल सनी ने किया।

# सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में 21 जून को नि:शुल्क हृदय रोग शिविर

**मैक्स सुपर स्पेशियलिटी के डॉ. राजीव राठी देंगे अपनी सेवा**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल, रांची के कांके रोड स्थित गांधीनगर केन्द्रीय अस्पताल में 21 जून, 2024 को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग चिकित्सा शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नई दिल्ली स्थित मैक्स सुपर स्पेशियलिटी के प्रसिद्ध चिकित्सक सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राजीव राठी मरीजों की जांच कर चिकित्सीय सलाह देंगे।



निःशुल्क हृदय संबंधित चिकित्सीय सलाह का सभी झारखंडवासी लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुरानी इलाज की रिपोर्ट या जांच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लायें।

जनसंपर्क प्रमुख के अनुसार सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह के मार्ग दर्शन में सीसीएल ने अपने कर्मियों एवं हितधारकों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा समय-समय पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। इससे जरूरतमंदों को बीमारी के अत्याधुनिक इलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो जाती है।

**मरीजों को पुराने पर्ची और रिपोर्ट साथ लाने की सलाह**

## खबर एक नजर में

### सीएम से मिलीं जैप-2 की कमांडेंट

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से शनिवार को बूटी रोड के मोरहाबादी स्थित आवास में जैप -2 (टाटीसिल्वे, रांची) के कमांडेंट सरोजिनी लकड़ा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।



### अनुसूचित समाज से मंत्री बनाने की मांग

**रांची।** झारखंड मंत्रिमंडल के संभावित विस्तार में भागीदारी से अब तक वंचित रहा समाज अनुसूचित जाति समाज से अब मंत्री बना कर उनकी हिस्सेदारी सुनिश्चित करें मुख्य मंत्री चंपई सोरेन। ये बातें संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव झारखंड प्रदेश प्रभारी विजय शंकर नायक ने शनिवार को प्रेस बयान जारी कर कहीं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में भी अनुसूचित जाति समाज को मंत्री नहीं बनाया गया था और उन्हें हिस्सेदारी, भागीदारी से वंचित रखा गया था जो की संविधान का खुला-खुलम उल्लंघन था।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने शनिवार को मोरहाबादी में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। शिविर के अन्तर्गत ब्लड शुगर, कैल्शियम, कोलेस्ट्रॉल और हीमोग्लोबिन का नि:शुल्क जांच की गई। इस शिविर से 50 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, आशा सराफ, कोमल झुनझुनवाला, दीपिका मोतीका, पूजा अग्रवाल उपस्थित थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।



### रेडिसन ब्लू ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**रांची।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर होटल रेडिसन ब्लू ने एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया,जिसमें होटल के कर्मचारियों को रक्तदान करने और जीवन बचाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शशि कुमार, मैक्स मिलियन, शंकर विश्वकर्मा, कमल पुल, ललित थापा, अभिषेक, हर्ष रविंद्र ने पहली बार ब्लड डोनेट किया। फुल 43 यूनिट ब्लू का संग्रह किया गया। मौके पर हेमंत मेहता, कन्हैया कुमार, ऋषभ हालदार मौजूद थे।




### रक्षा राज्य मंत्री से मिला एचइसी मजदूर संघ

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ से एचईसी मजदूर संघ की एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को मुलाकात की और पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। महामंत्री रमा शंकर प्रसाद ने एचईसी के गंभीर विषयों से अवगत कराते हुए कहा कि इस विकट परिस्थिति मे आप से पूरी उमीद एवं भरोसा है कि पहल कर फिर से एचईसी के पुराने गौरव को हासिल करने मे सफल होंगे। मौके पर रमा शंकर प्रसाद, सुनिल कुमार पांडे, विकास तिवारी, रविकांत, सरोज कुमार, बालमकुंद शर्मा, मनोज कुमार, संजय कुमार, लक्ष्मण कुमार, संतोष सिंह, सुनिल कुमार तांती, सोमनाथ, उदय शंकर, अजय शर्मा, सुधीर चौधरी, सुमन सिंह, सुजित कुमार झा, मो. असलम, जॉन तिग्गा, जगदीश सिंह, कुंदन शर्मा, मनोज गुप्ता एवं ढेर सारे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# डीइओ से मिला शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सफदर इमाम और सचिव मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिलकर जिले में माध्यमिक संवर्ग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। जिसमें 2019 बैच और उसके पूर्व जिन शिक्षकों का सेवा संपुष्टि प्रक्रियाधीन हैं उसे शीघ्र ही संपन्न करने के लिए कहा गया। साथ ही 12 वर्षों की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके शिक्षकों के वरीय वेतनमान निर्धारण करने और प्रवर वेतनमान हेतु शिक्षकों के कार्यालय में जमा प्रपत्र को लेखा पदाधिकारी को भेजकर जल्द से जल्द निपटारा किया जाए। जेसीईटीआरटी के वार्षिक अवकाश तालिका में स्थानीय छुट्टी का निर्धारण के लिए उपायुक्त को अनुमोदन के लिए भेजा जाए। डीईओ विनय कुमार ने संघ को आश्वस्त किया की जिला में जो भी लंबित मामला हैं उसे आचार संहिता समाप्त होते ही निपटारे हेतु कार्यालय द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा हैं। इस अवसर पर संघ के प्रमंडलीय सचिव कुर्बान अली, संयुक्त सचिव प्रेम साहू ,उपाध्यक्ष भावेश महतो, कोषाध्यक्ष मोहन लाल महतो, जिला कार्यकारणी सदस्य विवेक कुमार, तरुण नाग सहित अन्य शिक्षक सदस्य उपस्थित थे।

# आत्महत्या का प्रयास करने पर दुःख व्यक्त

**रांची।** एसपी कॉलेज, दुमका के तृतीय वर्ग कर्मचारी अमर आर्चर टुडू को सिद्धो कान्हू मुर्मू ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा एरियर का भुगतान न करने पर आत्महत्या का प्रयास किया। इस घटना पर विश्वंभर यादव ने दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा न्यायादेश पारित किये जाने के बावजूद विश्वविद्यालय के द्वारा उनके एरियर की राशि का भुगतान नहीं किया गया।

# सीसीएल में पॉश अधिनियम पर कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा प्रकाश हॉल में यौन उत्पीड़न निवारण (पॉश) अधिनियम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन निदेशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्र के मार्गदर्शन में शनिवार को हुआ। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा इंटरैक्टिव सत्र में विस्तार से चर्चा की गई। इसमें सीसीएल के मुख्यालय और क्षेत्रों सहित कुल 31 अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक आरके पांडेय ने सभी प्रतिभागियों और संकाय सदस्यों का स्वागत किया।

कार्यशाला के पहले सत्र में सीसीएल की सीएमएस डॉ. सुमन सिंह द्वारा पॉश अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों एवं एक महिला कर्मचारी के अधिकारों से प्रतिभागियों को परिचित कराया गया। उन्होंने आंतरिक शिकायत समिति की भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और प्रक्रियाओं के बारे में बताया। दूसरे सत्र में सुचिंद्रा द्वारा पीओएसएच अधिनियम के तहत अधिकारों और जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। उन्होंने अधिनियम के तहत कर्मचारियों और नियोक्ताओं दोनों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को रेखांकित किया। 'कार्यस्थल पर रोकथाम और व्यवहार' विषय पर सत्र को रश्मी साहा ने संबोधित किया। रश्मी साहा एक फ्रिलांसर और एनजीओ प्रमुख एवं विषय विशेषज्ञ भी है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में एचआरडी विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सीसीएल के इस आयोजन को सभी महिला कर्मियों ने सराहना किया।

# दवा ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन ने शनिवार को आइएमए हॉल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। दवा की संरक्षिका वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर शोभा चक्रवर्ती एवं डॉ उषा रानी की उपस्थिति में सदस्यों के बच्चे, जिन्होंने 10 वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल की उन्हें सम्मानित किया गया। अध्यक्ष श्रीला चौधरी ने सदस्यों का स्वागत किया। चेयरपर्सन विनीता शरण एवं फाउंडर एंड को-चेयरपर्सन झूमा सरकार ने बच्चों के सफलता पर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ एवं बधाइयाँ दी। सचिव अमृता वैद्या ने फादर्स डे थीम पर आयोजित जीबी मीटिंग में ऑर्गेनाइजर्स के कार्यों की सराहना की एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रस्ताव प्रेषित किया। इस मौके पर सुप्रिया ठाकुर, श्वेता रंजन, विभा सिंह, दीपा चौहान, डॉ तनु, डॉ स्मिती नारायण, सविता जारिका, रिद्धिमा मित्तल, मीतू भारती, अंजना बरनवाल, पुष्पलता, डॉ सुकेशी पांडे, मंजू सिंह, डॉ नेहा प्रिया, सुमन बरनवाल, बिंदु प्रसाद, अंजू कुमारी सिंह, सीमा महेश्वरी, रिंकू चौधरी, बीना झा, मुन्ना पाल, मोनीदीपा दासगुप्ता, रुखसाना बानो, रेखा मिश्रा, रेणु तिवारी, नीलम शेखर, रंजना जैन, निर्मला गाड़ोदिया, डॉक्टर कुमारी आभा, सिंधु भदानी, तबस्सुम हसन, भारती झा, सुषमा मिश्रा, तरुणा छाबरा, मीनाक्षी बजाज, आस्था जैन, नीलम तिवारी, प्रीति कश्यप,पल्लवी शरण, आरती सिंहा, सविता रानी सिंहा, डॉ सोनी, रंजना भगत, रूही श्रीवास्तव, गायत्री सिंह, श्वेता सुरभि, पूर्णिमा लाल, आशा श्रीवास्तव, मधु शर्मा, मीरा गुप्ता, पल्लवी सुनील, मीनाक्षी बजाज, डॉ रूही श्रीवास्तव, नूतन पाठक, मिथिलेश सिन्हा थीं।

**नियमाली को पास कराने को लेकर विभागीय सचिव से मिला संघ**

# अबूझ पहेली बनी बीआरपी सीआरपी की सेवा शर्त नियमावली

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** बीआरपी सीआरपी की सेवा शर्त नियमावली एक अबूझ पहेली बन गयी है। बीआरपी-सीआरपी संघ के सदस्यों का कहना है कि इसी अबूझ पहेली को सुलझाने के लिए संघ प्रयासरत है। इसी क्रम में संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को विभागीय सचिव को ज्ञापन सौंपा और मांग की है कि आगामी कैबिनेट में बीआरपी सीआरपी की सेवा शर्त नियमावली पास कराई जाए। संघ के सदस्यो का कहना था कि 19 साल की सेवा के उपरांत भी बीआरपी सीआरपी को बुनियादी सुविधा यथा भविष्य निधि कटौती , ग्रुप बीमा से वंचित रखना विभाग के लिए प्रश्न चिन्ह है।

विदित हो की परियोजना में बीआरपी सीआरपी अनुश्रवणकर्ता के रूप में कार्यरत है। विभाग के प्रत्येक कार्य के साथ जनगणना, चुनाव कार्य जैसे महत्वपूर्ण कार्य में अपनी महती भूमिका निभाने वाले बीआरपी सीआरपी को 19 साल के सेवा अवधि के बाद भी मानदेय 19 हजार नहीं मिल रहा है और नही विभाग के किसी रिक्त पद पर आरक्षण। यह सरकार, परियोजना की दोहरी नीति ही है की परियोजना में कार्यरत अन्य कर्मी को सभी सरकारी कर्मी की तरह सुविधा एवम ईपीएफ, परियोजना भत्ता दिया जा रहा है। वहीं बीआरपी सीआरपी को इससे वंचित रखा जा रहा है। विगत 5 वर्षो से कोई मानदेय वृद्धि बीआरपी सीआरपी की नहीं हुआ, जबकि अन्य परियजनाकर्मी का कई गुना वेतन वृद्धि की गई। मानसिक और आर्थिक पीड़ा से उन्मूलन के लिए बीआरपी सीआरपी एसएस संघ के प्रतिनिधिमंडल विभागीय सचिव से मिलकर बीआरपी सीआरपी के लंबित समस्या के समाधान सेवाशर्त नियमावली को आगामी कैबिनेट से पास करने का आग्रह किया है। सचिव ने संघ को आश्वस्त किया कि आप लोगों का कार्य पूर्ण हो गया है। जल्द आप सबों को खुशखबरी दी जाएगी। संघ सरकार से अविलंब सेवा शर्त नियमावली लागू करने की मांग करते हुए बीआरपी सीआरपी को उचित मानदेय एवं परियोजनाकर्मी को देय सभी बुनियदि सुविधा की मांग विभागीय सचिव के समक्ष रखी है। प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद के साथ संतोष कुमार, राजीव चौधरी, रविंदर कुमार ठाकुर, कुमार सिकंदर , कुमार रोहित ,जनक मुंडा सहित अन्य साथी उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मेधावी छात्र अभिनंदन व अभिभावक सम्मान समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को मेधावी छात्र अभिनंदन सह अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन एवं वंदना के साथ अतिथियों द्वारा हुआ। अतिथियों का परिचय विद्यालय की उप प्राचार्य मीना कुमारी ने कराया। शिशु विकास मंदिर समिति धुर्वा रांची के अध्यक्ष, शक्तिनाथ लाल दास ने प्रतीक चिह्न एवं अंग वस्त्र भेंट कर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की भूमिका अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने रखी। मुख्य अतिथि सिद्धार्थ शंकर लाल, महाप्रबंधक, सीसीएल मुख्यालय, विशिष्ट अतिथि रवि शंकर सिंह, वरीय प्रबंधक, यूनियन बैंक एवं डॉ नीरज कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा दशम एवं द्वादश के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र तथा अभिभावकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कक्षा दशम एवं द्वादश के सत्र 23-24 के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने 85% एवं उनसे ज्यादा अंक प्राप्त किया। इस अवसर पर राज्य स्तरीय क्रिकेट एवं राष्ट्रीय स्तरीय लॉन टेनिस एवं स्केटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को उनके अभिभावको के साथ सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन एस वेंकट रमन, माननीय कोषाध्यक्ष, शिशु विकास मंदिर समिति ने किया, मंच संचालन आचार्या विजया भेंगरा ने किया। इस अवसर पर डॉ धनेश्वर महतो, महावीर सिंह, डॉ उमाशंकर शर्मा, लाल अशोक नाथ शाहदेव, आशीष नाथ शाहदेव, विजय केसरी, विनोद कुमार सिंह, नर्मदेश्वर मिश्र, सुनील दत्त सिंह, उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## पुत्र ने लगयी फांसी सदमे में पिता की मौत

**राहे।** थाना क्षेत्र के लोवाहातू गांव में एक परिवार में दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। पिता -पुत्र का शव एक साथ घर निकलते ही पूरा गांव गमशीन हो गया । घटना शुक्रवार रात की है। गांव के 18 वर्षीय वरुण कुमार महतो ने घर के भीतर रस्सी से फंदा बना कर फांसी लगा लिया। शनिवार सुबह परिजनों को जानकारी हुई। पुत्र के मौत की सूचना पर पिता दयाराम महतो का निधन हार्ट अटैक से हो गया। इधर पुलिस गांव पहुंचकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। परिजनों ने बताया कि पुत्र वरुण कुमार महतो का दिमागी हालत ठीक नहीं था। संभवत इसी कारण फांसी ले लिया होगा।

## बकरीद की नमाज के लिए समय तय

**इटकी।** बकरीद की नमाज के लिए इटकी में समय का निर्धारण कर लिया गया है। इटकी के मुख्य ईदगाह में सोमवार की सुबह 8:00 बजे बकरीद की विशेष नमाज अदा की जाएगी। इटकी जामा मस्जिद में सुबह 6:00 बजे, मस्जिद ए जाफर में 7:00 बजे मदीना मस्जिद में 7:30 बजे, मस्जिद-ए-सैयदा में 6:00 बजे, मस्जिद- ए- आयशा रहमत नगर में 6:00 बजे, कुंदी जामा मस्जिद व कुंदी पतरा टोली मस्जिद में 7:00 बजे, मदरसा जामिया अजीजिया कुंदी में 6:00 बजे बकरीद की विशेष नमाज अदा की जायेगी।

## ग्राम टल मे ग्राम पूजा संपन्न

**तमाड़।** कोठारी चौक के ग्राम टल मे शनिवार को ग्राम पूजा किया गया। ग्राम पूजा रथु पाहान के द्वारा रीती रिवाज के साथ विधिवत पूजा किया गया। पूजा मे एक बकरा, तीन मुर्गे की बलि दी गयी। वहीं पूजा के पश्चात ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से प्रार्थना कर क्षेत्र मे खुशहाली, अच्छी बारिश की कामना किये। ग्रामीणों के बीच प्रसाद के रूप मे खिचड़ी का भी वितरण किया गया। बुजुर्गों का मानना है की कोठारी ग्राम टल में पूजा करते ही बारिश होने लगती है। जो आज देखने को भी मिला। मौके पर नीरज मल्लिक, आकाश खंडित, राजा मल्लिक, शिवम दत्ता, अमित सिंह, महावीर सिंह, समीर दास, विक्की पंडा, रोशन सिंह, राकेश लाला आदि ग्रामीण शामिल थे।

## काली मंदिर परिसर में लगा नेत्र जांच शिविर

**रातू।** संस्था कर्तव्य पथ के संस्थापक मृत्युंजय शर्मा की पहल पर शनिवार को मां काली मंदिर परिसर में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। महावीर आई हॉस्पिटल की ओर से आयोजित शिविर में डॉ माधुरी व डॉ वर्तिका ने करीब दो सौ लोगों का नेत्र जांच कर दवाइयां भी दी। चिकित्सकों की ओर से मरीजों को चश्मा का नंबर, मोतियाबिंद के लक्षण और उसके निराकरण के उपायों की जानकारी दी गयी। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता ममता चौहान, ममता कुमारी, बिक्रम चौहान, सत्येंद्र सिंह (गुड्डू) अनीता तिवारी, अभिलाषा शाहदेव, ब्रह्मानंद पाठक, ब्रजेश शर्मा, कमलेश राम, सागर कुमार, जगतरन देवी, पंकज पाठक, सोमनाथ मुंडा, रीना कुजूर, मोहन लोहार, संदीप यादव, रीना कुमारी व मोहन उरांव आदि मौजूद थे। इससे पूर्व चिकित्सकों ने श्री शर्मा के प्रयासों की जमकर तारीफ की। संचालन देवराज महतो ने किया।

# बकरीद शांति पूर्वक मनाने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना परिसर में ईद उल जोहा ( बकरीद पर्व) को शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी गोविंद कुमार व संचालन पुअनि दीपक साहू ने किया। बैठक में बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधियों व सभी समुदायों के ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक में शांतिपूर्वक रूप से त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में थाना प्रभारी ने शक्त हिदायत देते हुए कहा कि त्यौहार में किसी भी प्रकार से हुड़दंग बर्दाशत नही किया जाएगा।
किसी भी तरह के भ्रामक अपवाह,शोशल मीडिया ग्रुप पर भड़काऊ पोस्ट,नशा करके,या नशा बेचते हुए पाया गया तो कारर्वाई किया जायेगा।वही इस बैठक में अनुमाण्डलपदधिकारी के नाम पर हाइवा से मैक्लुस्कीगंज के मुख्य पथ से लगातार कोयला ढुलाई पर रोक लगाने का ज्ञापन ग्रामीणों के द्वारा थाना को प्रभारी सौंपा गया। बैठक में लपरा मुखिया पुतुल देवी,मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो,हुटाप मुखिया शिवरत मुंडा, जितेंद्र नाथ पांडेय, अनिल गंझू, मुकेश यादव, नागदेव सिंह,अमित गुप्ता, हुसैन खान ,सफीक अंसारी, कलीम खान, फारुख नवाब, अब्दुल अजीज, शशि प्रसाद साहू, श्याम सुंदर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**पिस्कानगड़ी ।** नगड़ी थाना परिसर में शनिवार को थाना प्रभारी अभिषेक कुमार राय की अध्यक्षता में बकरीद को लेकर बैठक आयोजित की गई । बैठक में क्षेत्र के दर्जनों प्रबुद्ध लोग तथा शांति समिति के सदस्यगण शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में शांति और सौहार्द के साथ बकरीद पर्व मनाने का निर्णय लिया। एक दूसरे की भावना का ख्याल तथा सम्मान रखते हुए पर्व मनाने की बात कही। थाना क्षेत्र के साहेर जामा मस्जिद में 6:30 बजे , मस्जिद ए बेलाल 7:00 बजे, हाई स्कूल मस्जिद ए मदीना एवं बांध टोली जमा मस्जिद में 7:15 बजे तथा नगड़ी जमा मस्जिद में 7:30 बजे एडचोरो ईदगाह 7: बजे बरसा मस्जिद 7:15 बजे, बसील मस्जिद 7:15 बजे, बकरीद की नमाज अदा की जाएगी बैठक में क्षेत्र में शांति व्यवस्था साइबर क्राइम पेट्रोलिंग बढ़ाने सहित कई विषय पर विचार विमर्श किया गया मौके पर मुख्य रूप से नगड़ी प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप, चूड़ामणि महतो ,केदार महतो,अब्दुल कुद्दूस,शाहिद अहमद ,दिलरुबा हुसैन, हाशिम अंसारी ,दौलत राम केसरी, दीपक केसरी मनीष केसरी, सफीक अंसारी, मो0 शकील, ऐनुल अंसारी, गुलरेज अंसारी, कुलदीप तिवारी, एकबाल अंसारी अब्दुल गफ्फार मोहम्मद आनिश प्रेम प्रकाश एक्का सहित दर्जनों शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : दीपक

**सिकिदिरी।** बकरीद पर्व को लेकर शनिवार को सिकिदिरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आपसी भाईचारे व? सौहार्द पूर्ण वातावरण में बकरीद का त्यौहार मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता जरूरी है। क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई हिंसक व अप्रिय घटना न हो इसके लिए सभी की सजगता जरूरी है। पर्व के दौरान अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लोगों से अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई। संचालन फारूक खान ने किया। मौके पर एएसआई रोशन कुमार, बाबुलाल टूड्डु , पूर्व उपप्रमुख? मुंतजिर अहमद रजा,ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया, खालिक खान, शिवधर रजवार,राधे? मुण्डा, ?हरिचरण बेदिया, रंजीत सिंह, सुभाष रजवार, प्रदीप नायक आदि उपस्थित थे।

## ट्रांसफार्मर चोरी के आरोपी गया जेल

**इटकी।** इटकी पुलिस ने ट्रांसफार्मर चोरी के आरोप में सागर केरकेट्टा पिता संजय केरकेट्टा को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। जबकि चोरी के वारदात में संलिप्त एक अन्य अभियुक्त छोटू अंसारी पिता मंसूर अंसारी फरार हो गया है। आरोपी दोनों युवक थाना क्षेत्र के कुंदी गांव के निवासी बताये गये हैं। वारदात शुक्रवार की शाम करीब सात बजे की बतायी जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार अभियुक्त सागर केरकेट्टा व छोटू अंसारी कुंदी गांव स्थित बिजला खलखो के घर के समीप लगे 25 केबीए का ट्रांसफार्मर को चोरी कर लेजा रहे थे। सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर लेकर भागते हुए चोरों को खदेड़ना शुरू किया। ग्रामीणों को आता देख छोटू अंसारी ट्रांसफार्मर को छोड़र कर फरार हो गया।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दिऊड़ी मंदिर में की पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** प्राचीन कालीन दिऊड़ी मंदिर में शनिवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पहुंचकर माता के दरबार में मात्रा टेककर माता से आशीर्वाद लिया। केंद्रीय मंत्री ने पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया। मंदिर के वरिष्ठ पूजारी मनोज पंडा ने उनका विधिवत रूप से पूजा संपन्न कराया। संजय सेठ ने कहा की मां की अद्भुत माया का प्रभाव पूरे विश्व पटल पर दिखाई देता है। माता का आशीर्वाद लेने के लिए मैं भी मां के दरबार आया हूं। दिऊड़ी माता पर मेरी अत्यंत आस्था और विश्वास है। में आज जो भी हूं माता रानी के आशीर्वाद से हूं। माता रानी के आशीर्वाद से देश की उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा विनोद राय, संजीव विजयवर्गीय,अमित राय, कुंदन, पंकज, राजू, सुनीत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बुकबुका बाजार में स्ट्रीट लाइट लगाने को लेकर एनके महाप्रबंधक को दिया पत्र

**खलारी।** बुकबुका पंचायत स्थित महावीर नगर साप्ताहिक हाट में स्ट्रीट लाइट लगाने को लेकर एनके महाप्रबंधक को ग्रामीणों की ओर से एक पत्र दिया गया। पत्र के माध्यम से बुकबुका साप्ताहिक हॉट में एनके महाप्रबंधक से लाइट लगाने की मांग किया। महावीर नगर में वर्षो से ग्रामीण के द्वारा लाइट लगाने की मांग करते आ रहे हैं। यहां दशकों से बाजार लगता आ रहा है। बताया गया कि यह काफी पुराना बाजार है। शाम ढलते हीं पूरा बाजार अंधेरा में डूब जाता है। जिससे आम जनमानस सहित आसपास के बाजार करने वाले एवं किसानों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस पत्र का प्रतिलिपि बुकबुका मुखिया, ग्राम प्रधान बुकबुका एवं जिप सदस्य खलारी पश्चिमी को भी दिया गया है। लाइट लगाने की मांग करने वाले ग्रामीणों में राकेश केशरी, मनोज केशरी, राहुल गुप्ता, राजेंद्र सोनी, विक्की कुमार, सुनील सिंह आदि का नाम शामिल है।

## स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह की पुण्यतिथि में शामिल हुए एनके क्षेत्र के पदाधिकारी

**खलारी ।** जनता मजदूर संघ के संस्थापक, मजदूरों के मसिहा कहें जाने वाले स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह की 15 जून को प्रतेक वर्ष की भांती इस वर्ष भी उनकी 33 वीं पुण्य तिथि मनाया गया। इस दौरान जनता मजदूर संघ के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश सिंह ने कहा कि स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह जनता मजदूर संघ का गठन कर कोयला मजदूरों की लड़ाई बखूबी लडे। वह 1970 के दशक में झरिया के विधायक रहते हुए सूर्यदेव सिंह ने झरिया के कोयला मजदूरों की सेवा के लिए जनता मजदूर संघ का गठन किया। इसके माध्यम से मजदूरों की समस्याओं को लेकर हमेशा लड़ते रहे। उन्हें उनका हक दिलाया। जनता मजदूर संघ के प्रति आज भी हजारों मजदूरों की आस्था जुड़ी है। इससे पूर्व जनता मजदूर संघ के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष गोलटेंन प्रसाद यादव क्षेत्रीय सचिव डी पी सिंह ने स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा कतरास मोड़ चौक पर किया गया।

### हॉस्पिटल बोर्ड चोरी करते दो धराये

**रातू।** पुलिस गश्ती दल ने सिमलिया रिंग रोड स्थित ट्यूलिप हॉस्पिटल में शुक्रवार की रात बोर्ड की चोरी करते दो चोरों को रंगे हांथ पकड़ लिया। जानकारी अनुसार, दोनों चोर हॉस्पिटल में लगे पिछले गेट से अंदर प्रवेश कर अंदर रखे बोर्ड की चोरी कर ले जा रहे थे। पीसीआर की नजर उन पर पड़ी। मामले को लेकर हॉस्पिटल प्रबंधन की ओर से ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## नगड़ी टोंकाटोली व करांजी जराटोली गांव के बीच हुए तनाव को लेकर बैठक



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के नगड़ी टोंका टोली व जरा टोली में गुरुवार की रात गांव घेरने को लेकर हुए तनाव को लेकर शनिवार को बेड़ो थाना परिसर में दोनों गांव के ग्रामीणों की एक बैठक की गई। बैठक में समाज के अगुवा,पुलिस व जनप्रतिनिधियों ने बाइक छोड़कर भागने वाले युवकों और इनके अभिभावकों को बुलाकर समझाकर तनावपूर्ण स्थिति को समाप्त किया गया। जहां दोनों युवकों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए दुबारा इस तरह गलती नहीं करने के लिए माफी मांगी। वही थाना प्रभारी नकुल साह ने कहा कि दुबारा इस तरह की गलती नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव के जनप्रतिनिधियों का भी यह दायित्व है कि अपने क्षेत्र के युवकों को संतुलित करने का प्रयास करें। मामला पुलिस के संज्ञान में आता है तो पुलिस कारवाई करेगी, लेकिन आप भी समाज में सौहार्द कायम रखने की पहल करें। बैठक में बेड़ो मुखिया सुशांति भगत, पंचायत समिति सदस्य राखी भगत व अमीन अंसारी, जगरनाथ भगत, मनोज बड़ाइक, एतवा उरांव, जुगेश उरांव, बंधना उरांव, सुनील टोपनो, सुनील कच्छप, मो मनीर, शोएब अंसारी, नौशाद सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# डैम की गंदगी युवाओं ने साफ की

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिकिदिरी।** गेतलसूद डैम के किनारे रोज आइलैंड चर्चा में आने के बाद यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है । पर्यटक यहां घूमने के दौरान अपने खाने पीने का समान,पानी की बोतल,प्लास्टिक व डब्बा बंद खाद्य पदार्थ को खाने के बाद यहीं पर फेंक देते है। इसके अतिरिक्त युवाओं की टोली अपने साथ शराब व बियर की बोतल यहीं फेंक कर चले जाते है। यहां कचरों का अंबर लग गया है। इसकी जानकारी मिलते ही युवाओं की टोली यहां पहुंचकर शनिवार को कचरे की सफाई में जुट गए। सभी युवाओं ने उदितांशु बड़ाईक के नेतृत्व में कचरे को जमा कर आपसी चंदा कर ट्रेक्टर से कचरे को उठाकर साफ किया। उदितांशु ने बताया कि पर्यटकों को पर्यटक स्थलों को साफ रखने की जरुरत है,इसके लिए अओने साथ लाए प्लास्टिक के समान को एक बैग में डालकर सुरक्षित स्थान पर फेंक देना चाहिए। प्रकृति के इस अनमोल धरोहर को बचाना हम सभी का कर्तव्य है। सफाई अभियान में अभिषेक नाथ, राहुल कुमार बैठा सोनू कुमार श्रवण कुमार, पवन पाटली, प्रशांत कुमार महतो, बसंत कश्यप, प्रवीण कुमार मुंडा, सचिन हॉरर, उपेन्द्र महतो शामिल थे।

## रातू : डीएसपी ने अवैध बालू लदे दो ट्रेक्टर को पकड़ा

**रातू।** डीएसपी अरविंद कुमार ने शनिवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर तिलता बागीचा के पास अवैध रूप से बिक्री के लिये खड़े दो ट्रैक्टर बालू को जब्त कर लिया। जानकारी अनुसार डीएसपी क्षेत्र भ्रमण में थे। इसी बीच उन्हें खबर मिली कि बालू लदे दो ट्रैक्टर खड़ी है। उन्होंने दोनों ट्रैक्टर के चालक से बालू से संबंधित कागजात और चालान की मांग की, तो वह भागने लगे। इसके बाद ट्रैक्टर समेत चालकों को हिरासत में ले लिया गया। इसमें दिवाकर मुंडा व संतोष कुमार महतो शामिल हैं। दोनों ठाकुरगांव सोबा के रहने वाले हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है।

# सभी की आस्था का ध्यान में रख बकरीद मनायें

## ओरमांझी में शांति समिति की बैठक हुई, गंजेड़ियों से महिलाओं का खतरा

खबर मन्त्र संवाददाता



शांति समिति की बैठक में बोलते रामटहल चौधरी।

**ओरमांझी।** बकरीद को लेकर शनिवार को थाना परिसर ओरमांझी में शांति समिति की एक बैठक हुई। थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में बकरीद पर्व सौहार्द पूर्ण मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने जैविक उद्यान के पास से बरवे जाने वाले रास्ते व चौक चौराहे में गंजेड़ियों का अड्डा व महिलाओं को होने वाली परेशानियों से प्रषासन को अवगत कराया गया। इसके अलावे प्रखंड क्षेत्र के कई अन्य समस्याओं पर भी चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने सभी की आस्था का ध्यान व सम्मान करते हुए बकरीद पर्व मनाने को कहा। वहीं गंजेड़ियों से महिलाओं को होने वाले परेशानी पर कार्रवायी करने को कहा। थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने लोगों को सोषल मीडिया पर अफवा फैलाने वालों से सावधान रहने की अपील किया। साथ ही बैठक में उठी समस्याओं पर जल्द कार्रवायी करने का भरोषा भी दी। संचालन पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने किया। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख अनुपमा देवी, उपप्रमुख रिजवान अंसारी, बीडीओ विजय कुमार, पूर्व उपप्रमुख मुनतजीर अहमद रजा, राधाचाण सिंह, सत्यनारायण तिवारी, मुखिया समुंदर पाहन, दीपक बड़ाईक, इम्तियाज ओहदार, सलीम अंसारी, मुमताज आलम, रहीम अंसारी, दुगार्षंकर साहू, सुनील नयक, बिरसा महली, कयुमुद्दीन अंसारी, मोबिन अंसारी, खालिक खान, बालक महतो, कृष्णा महतो, हरिनाथ महतो, सुमेष्वर महतो, नागेष्वर महतो, धनेष्वर महतो, विजय कुमार महतो, मुस्ताक अंसारी, राजेष्वर महतो सहित कई लोग उपस्थित थें।

**कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के लिए प्रकाशित विज्ञापन PR 326273 Fish (24-25) D के द्वारा दिनांक 13.07.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित की गई थी। अपरिहार्य कारणवश उक्त योजना की अवधि घटाते हुए दिनांक 01.07.2024 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

PR 326566 Fish(24-25).D

**402 कार्यालय:जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,हजारीबाग**

**–: मनरेगा अन्तर्गत ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों पर नियुक्ति संबंधी आवश्यक सूचना :–**

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग मे मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अवेदन आंमत्रित किये गये थे। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनो के आधार पर औपबंधिक अहर्त्ता रखने वाले तथा अहर्त्ता नही रखने वाले अभ्यर्थियों कि सूची जिला के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। प्रकाशित सूची के संदर्भ मे किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति दिनांक–20.06.2024 तक कार्यालय अवधि में साक्ष्य सहित सीधे जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग के कार्यालय मे समर्पित कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् अभ्यर्थियों के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,हजारीबाग

PR 326655 Rural Development(24-25).D

**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा।**

**अल्पकालीन ई–निविदा पुनर्आमंत्रण सूचना संख्या – 12/2023–24**

| क्र0 स0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कोडरमा | चाराडीह में नए पंचायत भवन का निर्माण | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 02 | डोमचांच | काराखूट में नए पंचायत भवन का निर्माण | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 03 | चन्दवारा | चन्दवारा पूर्वी में नए पंचायत भवन का निर्माण | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 04 | मरकच्चो | दशारोखुर्द में नए पंचायत भवन का निर्माण | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 05 | मरकच्चो | मुर्कमनाय में नए पंचायत भवन का निर्माण | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **22.06.2024**
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– **24.06.2024 से 01.07.2024, अपराह्न 05:00 बजे तक।**
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **02.07.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे।**
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– **जिला अभियंता, जिला परिशद कोडरमा।**
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 **7903003903** एवं ई–मेल ddczpkoderma@gmail.com
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता/संवेदक की होगी।
8. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR 326594 (Panchayati Raj) 24-25 (D)

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्**
जे.एस.सी.ए. स्टेडियमरोड, सेक्टर– 3, धुर्वा, राँची– 834004
दूरभाष - 0651-2444501, 0651-2444502 फैक्स: 0651-2444506 ई–मेल: jepcranchi1@gmail.com

An ISO 9001:2015 certified

पत्रांक:JEPC/CIV/03/1026/2024/2031 दिनांक: 13.06.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 02.07.2024 को 5:00 (पाँच) बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :दिनांक 03.07.2024 को 2:00 (दो) बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :दिनांक 04.07.2024 को 3:00 (तीन) बजे अपराह्न।
5. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का सीान : राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, सेक्टर–3, जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, धुर्वा, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, सेक्टर–3, जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, धुर्वा, राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, सेक्टर–3, जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, धुर्वा, राँची।
8. **कार्यों की विवरणी :–**

| Sl. No. | Name of Work | Bid Ref. No. | Estimated Cost of Work (In Rs.) | Bid Security (In Rs.) | Cost of Document (In Rs.) | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Strengthening of Sud-Divisional Education Office located in Ranchi District of South Chotanagpur Division of Jharkhand. | JEPC/RY/RNC/01/2024-25 | 10,22,822.00 | 21,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |

**नोट :– यूकैन निबंधित निविदा का रही निविदा डाल सकते है।**

- निविदा की शर्ते अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट्ट पर उपलब्ध है।
- एक निबंधन पर दो से अधिक कार्यो का परिमाण विपत्र देय नहीं होगा।
- अनुसूचित भारतीय बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्रॉफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट ही मान्य होगा। बैंकड्रॉफ्ट/डिमाण्ड ड्रॉफ्ट राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पक्ष में भुगतेय होगा, जिसे लौटाया नहीं जायेगा।
- झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक–2146 (S)राँची, दिनांक–09/09/2020 के आधार पर निविदा का निष्पादन किया जायेगा।
- अग्रधन के रूप में NSC/TD/FD (Validity) 3 Years & Duly Pledged मान्य होगा। जो राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के नाम से प्रतिज्ञित होगा।
- Years & Duly Pledged मान्य होगा। जो राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के नाम से प्रतिज्ञित होगा।
- संवेदक को आवेदन के साथ इस आशय का शपथ–पत्र देना होगा की उनका कोई भी कार्य एकरारित समय सीमा बीत जाने के बाद लंबित नहीं है।

निविदा की शर्ते विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
राज्य परियोजना निदेशक
झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची।

PR 326474 (Jharkhand Education Project Council) 24-25 (D)

